हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हेपेटाइटिस बी-सी का इलाज सभी नागरिक.... 10



वर्ष 2025 में जींद को टीबी मुक्त बनाने की कवायद 10



## खबर संक्षेप

### 14.80 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने चमेला कालोनी में दो युवको को काबू कर उनके कब्जे से 14.80 ग्राम हैरोइन बरामद की है। आरोपित चमेला कालोनी की महिला से हैरोइन को खरीद कर लाए थे। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला समेत तीनों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### नकदी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत क्षेत्र से व्यक्ति को शराब के नशे में धुत कर जेब से नकदी चोरी के मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एसआई विजय कुमार की टीम ने आरोपी गांव गुरुसर जिला जींद निवासी अनिल कुमार उर्फ जैला राम को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ठाठरथ निवासी सुनील की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### हमले में तीन घायल सात के खिलाफ केस

**जींद।** नरवाना पुरानी मार्केट कमेटी के निकट हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी पंकज ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उनकी गांव इस्माइलपुरा निवासी बलवान के साथ कहासुनी हो गई थी। जिस पर बलवान तथा छह अन्य ने उन पर हमला कर दिया।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपित दबोचा

**कैथल।** कैथल क्षेत्र में एक व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना सिविल लाईन पुलिस के एएसआई अमरजीत सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी चंदाना गेट कैथल निवासी राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमरगढ़ गामड़ी कैथल निवासी जिले सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव हैबतपुर से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव हैबतपुर निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 जुलाई को उसकी मां घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी मां का कोई सुराग नही लगा।

### दोपहिया वाहन चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते एक बाइक चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव सेरधा निवासी सोनु को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चंदाना गेट निवासी धर्मवीर की शिकायत अनुसार 11 मार्च को सामान्य अस्पताल से बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

### गल्ले का लॉक तोड़ नकदी चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** चीका क्षेत्र के गांव भागल में स्थित दुकान का गल्ला तोड़कर नकदी चोरी करने के मामले में चौकी भागल पुलिस के एएसआई जसपाल की टीम द्वारा आरोपी मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर हाल निवासी गांव भूसला निवासी गोपाल सिंह व भूसला निवासी विशाल को काबू कर लिया गया।

### लाखों रुपये ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रोहताश की टीम द्वारा करते आदर्श नगर कालोनी पटियाला पंजाब निवासी मनोज कुमार उर्फ मोजी को गिरफ्तार कर लिया गया।

---

### एसडीएम ने डीआरडीए हॉल में एचटेट की परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर ली बैठक

# आज एक और कल दो सत्रों में होगी एचटेट परीक्षा जींद में तीस केंद्रों पर 18266 परीक्षार्थी देंगे पेपर

31 जुलाई को सुबह के सत्र टीजीटी की परीक्षा में नौ हजार 346 और शाम के सत्र में पीआरटी की परीक्षा में तीन हजार 90 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे

### जारी हिदायतों की पालना करें और तय एसओपी के अनुसार परीक्षा को सम्पन्न करवाएं



जींद। बैठक को संबोधित करते एसडीएम सत्यवान मान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि जिला में एचटेट की परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, व्यवस्थित एवं नकल रहित सम्पन्न करवाने की दिशा में पूरी सतर्कता व जिम्मेदारी से कार्य करें। जिन भी अधिकारियों, केंद्र संचालकों को परीक्षा को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, उसे कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्र के अन्दर बोर्ड द्वारा दी गई हिदायतों की पालना करें और तय एसओपी के अनुसार परीक्षा को सम्पन्न करवाएं। एसडीएम सत्यवान सिंह मान मंगलवार को स्थानीय डीआरडीए हॉल में अधिकारियों, सेंटर सुपरिटेंडेंट की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

जिला में 18 हजार 266 अभ्यर्थी देंगे परीक्षाः जींद जिला में स्थापित किए गए 30 परीक्षा केंद्रों पर दोनों दिनों में तीन सत्रों के दौरान कुल 18 हजार 266 अभ्यर्थियों के लिए एचटेट परीक्षा देंगे। पहले दिन 30 जुलाई को पीजीटी की सांय के सत्र में परीक्षा होगी और इसके लिए कुल पांच हजार 830 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार 31 जुलाई को सुबह के सत्र टीजीटी की परीक्षा में नौ हजार 346 और शाम के सत्र में पीआरटी की परीक्षा में तीन हजार 90 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि लेवल 3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई (बुधवार) को सायं तीन बजे से साढ़े पांच बजे तक संचालित होगी। लेवल 2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई (वीरवार) को प्रातः 10 बजे से साढ़े 12 बजे तक संचालित होगी। इसी दिन यानि 31 जुलाई (वीरवार) को सायं 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक लेवल 1 (पीआरटी) की परीक्षा संचालित होगी।

#### परीक्षा नकल रहित और सुव्यवस्थित करवाना सुपरीटेंडेंट की जिम्मेदारी

एसडीएम ने कहा कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को नकल रहित व सुव्यवस्थित संचालन करवाना सेंटर सुपरीटेडेंट की जिम्मेवारी है। कहा कि जिस तरह जिला में सीईटी की परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाया है, उसी प्रकार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 30 जुलाई और 31 जुलाई को एचटेट परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष परीक्षा करवाई जाए।

#### ये रहेंगे आवश्यक दिशा-निर्देश

एसडीएम ने सभी परीक्षार्थियों से आह्वान किया है कि परीक्षार्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि मेटल डिटेक्टर से तलाशी, बायोमेट्रिक डेटा कैप्चरिंग और अन्य औपचारिकताएं समय से पहले पूरी हो सकें। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। ओएमआर शीट पर उत्तर देने के लिए केवल काले बॉल प्वायंट पेन का प्रयोग करें। परीक्षार्थी रंगीन प्रवेश पत्र, काला बॉल पॉइंट पेन, पंजीकरण के समय अपलोड की गई रंगीन फोटो को प्रवेश पत्र में राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित करवाना अनिवार्य है। रंगीन प्रवेश पत्र के बिना अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उम्मीदवारों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार का आभूषण जैसे अंगूठी, झुमके, चेन, हार, पेंडेंट, बैज और ब्रोच आदि कोई भी धातु की वस्तु, कैमरा, घड़ी, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, कार फोन, पर्स, लॉग टेबल, हेल्थ बैंड, बिल्ट इन कैलकुलेटर सहित या बिना इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, ज्यामिति, प्लास्टिक पाउच और खाली या मुद्रित कागज, लिखित चिट आदि वस्तुएं परीक्षा केंद्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। महिला उम्मीदवार मंगलसूत्र, बिंदी और सिंदूर पहन सकती हैं। सिख उम्मीदवारों को धार्मिक प्रतीक पहनने की अनुमति होगी।

## कैथल पुलिस ने किए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में 30 व 31 जुलाई को होने वाली हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के सफल व शांतिपूर्ण तरीके से संचालन को लेकर कैथल पुलिस द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार करीब 350 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी आस्था मोदी द्वारा सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि वे दिनांक 30 व 31 जुलाई को 25 परीक्षा केन्द्रों पर एचटेट परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों से सद्द व्यवहार करे तथा असामाजिक तत्वों के साथ कड़ाई पूर्वक निपटने में संकोच न करें ताकि परीक्षार्थियों द्वारा दी जाने वाली परीक्षा निर्बाध रूप से नकल रहित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाई जा सके। पुलिस द्वारा सभी परिक्षा केन्द्रो पर समुचित संख्या में पुलिस बल तैनात करने के अतिरिक्त पीसीआर व राइडर को आदेश दिए गए है कि वे इन क्षेत्रों में प्रभावशाली निरंतर पेट्रोलिंग करे। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि 30 व 31 जुलाई को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा एचटेट लिखित परीक्षा के लिए आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए पुलिस द्वारा सभी 25 परिक्षा केन्द्रो पर समुचित प्रबंध किए गए है। 30 को सायं कालीन सत्र व 31 जुलाई को सुबह व सायं कालीन सत्र में परीक्षा होगी। परीक्षा को बगैर किसी बाहरी हस्तक्षेप के संपन्न करवाने तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते पुलिस को इस प्रकार के तत्वों के खिलाफ कड़ाई पूर्वक निपटने के आदेश दिए गए है।

---

# व्यापारी से 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोपित दबोचा

▪ ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा के नाम पर दिया धोखाधड़ी को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने व्यापारी को ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर लगभग 22 लाख रुपये हडपने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से तीस हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

भिवानी रोड निवासी सुमित ने गत 13 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 18 जनवरी को 23 कैपिटल फ्रेंचाइजी के नाम से एक व्हाट्सअप ग्रुप में जुडने की ग्रुप इनवाइट रिक्वेस्ट आई। जिस पर वह ग्रुप में जुड़ गया। इसके बाद वह ट्रेडिंग से संबंधित ट्रेनिंग कार्यक्रम देखने लगा। 20 फरवरी को ग्लैड अरब नाम से एक एप का लिंक भेजा गया और कहा गया कि इस पर अपना खाता बना लो। उसने एप पर अपना खाता खोल लिया और ट्रेडिंग के लिए जरूरी बताए गए 50 हजार रुपये उसने लगा दिए। जिसके बाद उसने 10 मार्च तक अलग-अलग समय में कुल मिला कर 21 लाख 88 हजार रुपये इस बैंक खातों में डाले। जब वह 11 मार्च को अपने खाते से पैसे निकालने लगा तो उसे कैपिटल गैन टैक्स की डिमांड की गई और कहा गया कि यह पैसा जमा करोगे तभी आप अपने पैसे निकल पाओगे। इस पर उसे धोखाधड़ी का शक हो गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सुमित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

# अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का पीला पंजा

▪ अवैध कालोनियों में प्लाट खरीदना जान जोखिम में डालना : प्रवीन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। पट्टी चौधरी में अवैध कालोनियों को हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कैथल राजस्व संपदा पट्टी चौधरी में लगभग 4 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनी तथा राजस्व संपदा शेरगढ़ में लगभग साढ़े 8 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में बनी मिट्टी की सड़कें, सीमेंट कंक्रीट टाईलें की सड़कों, सीवरेज आदि को शुरूआती चरण में पीले पंजे के साथ तोड़ा गया। इस कार्रवाई के दौरान एचएसएएमबी कार्यकारी अभियंता सतपाल बतौर डयूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में राजस्व संपदा पट्टी चौधरी व शेरगढ़ में अवैध कालोनी विकसित करने का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रहे निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया था। कार्यालय द्वारा इस अवैध कालोनी को तोड़ने संबंधित कार्यक्रम का अनुमोदन जिला उपायुक्त कैथल से प्राप्त कर लिया था। कार्यालय द्वारा बिना विभागीय अनुमति के यह कालोनी विकसित करने के आरोप भू-मालिकों, डीलरों के विरूद्ध पुलिस विभाग कैथल को मुकदमा दर्ज करने हेतू शिकायत भेज दी गई है, जिस पर इन्फोरसमेंट, पुलिस स्टेशन कैथल द्वारा मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**जींद।** जिला प्रशासन जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गया है। इसको लेकर डीसी ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी का उत्सव है। इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय समारोह के आयोजन में अधिकारी राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप तैयारी करना सुनिश्चित करें और जिस भी विभाग को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें समय रहते पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रांगण में किया जाएगा और 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन होगा।



इनेलो पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान हलका प्रधान सुरजीत पबनावा।

#### खाद की किल्लत से किसान परेशानः सुरजीत

**पूंडरी।** इनेलो हलका प्रधान सुरजीत पबनावा ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते कहा कि प्रदेश में किसानों को खाद के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही। कहा कि यह स्थिति बताती है कि भाजपा की कृषि नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है और किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। सुरजीत पबनावा आज इनेलो पार्टी की कैथल में आयोजित होने वाली बैठक में भाग लेने से पूर्व यहां पूंडरी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि भाजपा सरकार के राज में न तो समय पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है और न ही सिंचाई विभाग की ओर से ट्यूबवेल कनेक्शन चालू किए जा रहे हैं। किसानों को धान लगाने के सीजन में खाद की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। आर.सी. जैसे विभागों का रवैया असंवेदनशील हो चुका है, जो सिर्फ घोटालेबाजी में लिप्त हैं। नाव में भाजपा की जनविरोधी नीतियों को करारा जवाब देकर इनैलो को सत्ता में लाएं।

### अध्यापक को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने की मांग

**कैथल।** कैथल के गांव के राजकीय स्कूल में एक अध्यापक द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। जहां सोमवार को अध्यापक के समर्थन में स्कूल के दर्जन छात्राओं ने आकर एसपी को अध्यापक के खिलाफ दर्ज की गई एफआइआर रद्द करने की मांग की थी तो वहीं मंगलवार को छेड़छाड़ करने वाली लड़की के पक्ष में सैकड़ो ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे तथा अध्यापक को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने की मांग की। महिलाओं का कहना था कि अध्यापक अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत करार देने के लिए बच्चों को बहका रहा है। उसने कहा कि अध्यापक की पत्नी भी स्कूल में अध्यापिका है जो बच्चों को बहकाने का काम कर रही है। ग्रामीणों को कहना था कि विद्यार्थी अध्यापक के दबाव में आकर एसपी से मिले हैं।



राजौंद। दुकान पर रखी सब्जियां। फोटो :हरिभूमि

#### बरसाती मौसम के चलते सब्जियों के दाम बढ़ें

**राजौंद।** बरसाती मौसम के चलते सब्जियों के दामों में काफी उतार चढ़ाव आ रहे है। बरसाती मौसम के चलते इनके दामों में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। उधर दुकानदारों का कहना है कि बरसात का मौसम होने के कारण ज्यादातर सब्जियां खराब हो जाती है,जिससे उन्हें सब्जियां के दाम पूरे करना भी नामुमकिन होकर रह गया है। गर्मी की वजह से भी कई सब्जियां ऐसी हैं जो केवल एक ही दिन के बाद खराब हो जाती हैं। वही कुछ सब्जियां ऐसी हैं,जिनके दामों में कोई भी अंतर नहीं आया वह पहले की तरह उसी दाम पर बिक रही हैं। इन दिनों भिंडी 50 रुपये, तौरी 40 रुपये, मटर 120 रुपये, हरी मिर्च 80 रुपये, टमाटर 80 रुपये, खीरा 40 रुपये किलो तक बिक रहा है। पिछले वर्ष की उपेक्षा इस वर्ष आलू, प्याज व टमाटर के दाम काफी कम है। इसके अलावा दूसरी सब्जियों की कीमतों में काफी उतार चढ़ाव हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि जैसे जैसे मोसम में गर्मी का असर बढ़ेगा तो सब्जियों के दामों में तेजी आना संभव है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की जान गई

**जींद।** गांव निडानी के निकट जींद-गोहाना मार्ग पर तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार भी गड्ढों में जाकर पलट गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। किठानिया मोहल्ला निवासी अनिल (45) मगंलवार को बाइक पर सवार होकर गोहाना की तरफ से जींद की तरफ आ रहा था। गांव निडानी के निकट जींद की तरफ से आ रही तेजरफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बाइक को घसीटती हुई पेडों के बीच गड्ढों में ले गई और पलट गई। घटना के बाद चालक कार निकाल फरार होने में कामयाब हो गया। गंभीर हालात में अनिल को नागरिक अस्पताल लाया गया।

---

### उत्तर रेलवे के डायरेक्टर ने नरवाना का निरीक्षण किया

# रेलवे जंक्शन का कार्य सितंबर तक होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। उत्तर रेलवे के डायरेक्टर एसके श्रीवास्तव जांच करते हुए।

उत्तर रेलवे के डायरेक्टर एसके श्रीवास्तव ने मंगलवार को नरवाना रेलवे स्टेशन का दौरा कर नवीनीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन का निर्माण, सौंदर्यीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ा कार्य सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत तक हर हाल में पूरा हो। इस दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्टेशन के लोकार्पण की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। निरीक्षण के दौरान डायरेक्टर ने प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, वेटिंग एरिया, शौचालय, पेयजल व्यवस्था और पार्किंग स्थल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्टेशन के मेन गेट को लेकर वन वे एंट्री एग्जिट सिस्टम लागू किया गया है लेकिन नगर परिषद से बातचीत कर गेट को और चौड़ा करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। डायरेक्टर श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि इस स्टेशन को एक मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इसके लिए उन्होंने अफसरों को चेताया कि कोई भी काम अधूरा या खराब क्वालिटी का नहीं होना चाहिए। समय पर कार्य पूर्ण न करने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हो सकती है।

#### आधुनिक मॉडल स्टेशन

रेलवे डायरेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि नरवाना रेलवे स्टेशन के इस नवीनीकरण से क्षेत्र की पहचान को नया आयाम मिलेगा और आने वाले समय में यह एक आधुनिक मॉडल स्टेशन के रूप में देशभर में जाना जाएगा।

# दो उर्वरक विक्रय लाइसेंस के निलंबन के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जींद के दो उर्वरक विक्रेताओं मेसर्स सुमित बीज भंडार जुलाना (लाइसेंस संख्या 2064) एवं मेसर्स सिंधु बीज भंडार जुलाना (लाइसेंस संख्या 3272/1) के उर्वरक विक्रय लाइसेंस को 10 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को कृषि विभाग के खाद निरीक्षक नरेंद्र पाल (क्यूसीआई जींद) द्वारा दोनों प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर 22 जुलाई को दोनों फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि समाप्त होने के बावजूद भी इन प्रतिष्ठानों द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। इन परिस्थितियों में फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 की धारा 31 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों के उर्वरक विक्रय लाइसेंसों को तत्काल प्रभाव से 10 दिनों के लिए निलंबित किया गया है। उपनिदेशक ने यह भी बताया कि यदि संस्थाएं उपयुक्त साक्ष्य या स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहें तो उन्हें चार दिनों का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### जिला जूनियर बास्केटबॉल टीम की ट्रायल आज

**जींद।** जिला बास्केटबॉल एसो. जींद द्वारा 30 जुलाई बुधवार को सायं तीन बजे अर्जुन स्टेडियम में जिला जींद की जूनियर (लड़के व लड़कियों) बास्केटबॉल टीम का चयन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रधान डा. राजपाल ढांडा ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का जन्म एक जनवरी 2007 या उसके बाद का होना अनिवार्य है।

### एचटेट को लेकर डीसी ने सौंपी जिम्मेदारिया

**जींद।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन 30 जुलाई बुधवार को सायं तीन से साढ़े 5 बजे तक तथा 31 जुलाई वीरवार को सुबह 10 से साढ़े 12 बजे तक एवं सायं सत्र मे 3 से साढ़े 5 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के उद्देश्य से उपायुक्त एवं जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा द्वारा जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक निरीक्षण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंधों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मंथन किया

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की बैठक मंगलवार को अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक में आगामी सात सितंबर को जींद में होने वाले ऐतिहासिक उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

### प्रवचन समारोह का आयोजन

**जींद।** महान शक्ति संगठन कला धाम की ओर से ऋषि सुखदेव महाराज के सानिध्य में कला धाम मंदिर में दिव्य ज्ञान अमृत धारा सत्संग एवं प्रवचन समारोह का आयोजन किया गया। ऋषि सुखदेव महाराज ने दिव्य प्रवचनों एवं आनंदमय भजनों की ज्ञान अमृत वर्षा से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि इंसान का पुरुषार्थ, प्रभु कृपा और पूर्ण सतगुरु की कृपा तीनों मिल कर ही शाश्वत आनंद को प्रकट करते हैं।

### सर्वे के दौरान बीमार मिले 17 के लिए खून के सैंपल

**जींद।** जींद शहर की विभिन्न कालोनियों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के बचाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के मार्गदर्शन में चलाए गए जागरूकता अभियान में बीमार मिले 17 लोगों के खून के सैंपल जांच के लिए भेजे गए।

### सिंघाना के सरकारी स्कूल में सेमिनार

**जींद।** सफीदों के सिंघाना गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत किशोरियों एवं उनके शिक्षकों के लिए हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को बाल देखभाल और संरक्षण सावधान रहें और रिश्तों को संभालें विषय पर आयोजित सेमिनार का आयोजन किया गया।

### सर्वसम्मति से विभिन्न पदों का चयन किया

**नरवाना।** श्री रामा भारतीय कला केंद्र के प्रधान पद व कार्यकारिणी का चुनाव बीरबल नगर स्थित केंद्र के कार्यालय में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों का चयन किया गया। इसमें चुनाव पर्यवेक्षक की भूमिका पूर्व प्राचार्य सुरेश मित्तल ने निभाई। उन्होंने पदों के चयन किए जाने के बाद सामूहिक रूप से घोषणा की। केंद्र के संरक्षक सुशील कौशिक एडवोकेट, प्रधान पद पर भारत भूषण गर्ग, वरिष्ठ उप प्रधान रामनिवास जैन, उप प्रधान नरेंद्र कुकरेजा मंजीत गोरा को सर्वसम्मति से चुना गया।

### स्कूल से बैटरी, इन्वर्टर और अन्य सामान चोरी

**जींद।** गांव गोसाईखेड़ा सरकारी स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। मुखिया की शिकायत पर जुलाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

## विश्व हेपेटाइटिस-डे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# हेपेटाइटिस बी-सी का इलाज सभी नागरिक अस्पताल में फ्री : कोहली

### जींद नागरिक अस्पताल में सोमवार-बुधवार के दिन निर्धारित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मंगलवार को सीएमओ डा. सुमन कोहली के नेतृत्व में विश्व हेपेटाइटिस डे पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार की थीम हेपेटाइटिस लेट्स ब्रेक इट डाउन रही। कार्यक्रम में जिला सर्विलांस अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. रमेश पांचाल, डा. अरविंद, हेपेटाइटिस नोडल अधिकारी डा. विनिता, राजकुमार, नरेश कुमार, अंकित एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि हेपेटाइटिस बी एवं सी का इलाज सभी नागरिक अस्पताल एवं एसडीइच अस्पताल में मुफ्त किया जाता है और नागरिक अस्पताल जींद में इसके लिए सोमवार एवं बुधवार के दिन निर्धारित किए हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने कार्यक्रम में मौजूद आमजन को हेपेटाइटिस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बताया कि लीवर की सूजन को हेपेटाइटिस कहतें हैं। लीवर एक अहम अंग है, जो पोषक तत्वों को पचाता है, खून साफ करता है व संक्रमण से लडता है। हेपेटाईटिस पांच प्रकार का होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी व ई शामिल है। यह कई कारणों से हो सकता है जिसमें हेपेटाईटिस ए व ई दूषित पानी व भोजन का प्रयोग करने से व बी, सी व डी अत्याधिक शराब सेवन, सूई व सिरिंज का दोबारा प्रयोग करने पर व संक्रमित व्यक्ति के खून के संपर्क में आने पर हो सकता है तथा बी व सी का इलाज सभी सरकारी अस्पताल में सरकार द्वारा फ्री उपलब्ध करवाया है। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि नागरिक अस्पताल के कमरा नंबर 23 में हेपेटाइटिस के रोगियों का परीक्षण किया जाता है व जांच हेतु सैंपल लैब टैक्नीशियन रिंपल द्वारा कमरा नंबर 10 में लिए जाते है व जांच उपरांत हेपेटाइटिस पॉजीटिव पाए जाने पर उपचार हेतू दवाइयां कमरा नंबर 6 में उपलब्ध करवाई जाती हैं। आमजन की सुविधा के लिए जींद में हेपेटाईटिस के इलाज हेतू कुल चार सेंटर बनाए हैं, जिसमें नागरिक अस्पताल जींद, एसडीएच सफीदों, नरवाना व उचाना शामिल हैं। नोडल अधिकारी डा. विनिता ने बताया कि हेपेटाइटिस के लक्षणों में बुखार, थकान, हमेशा थकावट महसूस करना, भूख न लगना, मतली व उल्टी होना, पेट में दर्द, गाढे रंग का मूत्र, मिट्टी के रंग जैसा मल, जोडों या मांशपेशियों में दर्द, पीलिया (त्वचा या आंखो में पीलापन) है।


**जींद।** कार्यक्रम में हेपेटाइटिस को लेकर जानकारी देते स्वास्थ्य अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### सामग्री वितरित की

*हेपेटाइटिस फैलने के कारण सूई व सिरिंज का दोबारा प्रयोग करना, पहले से प्रयोग की गई सूई द्वारा टैटू बनाया जाए तथा नाक या कान में छेद किया जाए, किसी दूसरे व्यक्ति का रेजर, ब्लेड्स, नेल कटर, टूथब्रश आदि प्रयोग करने पर, असुरक्षित यौन संबंधों द्वारा हेपेटाईटिस सी फैलने की संभावना होती है। संक्रमित खून व खून के पदार्थों द्वारा, दूषित पानी व भोजन का प्रयोग करने से भी हेपेटाइटिस हो सकता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी आमजन व रोगियों को फल व अन्य सामग्री वितरित की गई।*

# एबीवीपी ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस की सीटें 30 से बढ़ा कर 50 की जाएं

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीआरएसयू कुलपति से मुलाकात की और एडमिशन और परीक्षाओं से संबंधित छात्रों की परेशानियों को दूर करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी ईकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि मौजूदा स्तर में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी साइंस की बहुत डिमांड हो रही है। इस कोर्स में 30 सीट है, इसको बढ़ा कर 50 सीट की जाए। एमबीए, एमसीए में सभी कोर्स 50 सीट से 70 सीट की जाएं और एमएससी, मास्टर ऑफ आर्ट्स के सभी कोर्सों में 10 से 20 सीटों की वृद्धि की जाए। जिससे कि विद्यार्थियों का एडमिशन लेने में समस्या ना आए। जिला संयोजक वीरसैन ने बताया कि यूनिवर्सिटी में मास्टर ऑफ कॉमर्स और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, डिप्लोमा में कोर्स में सीट खाली है लेकिन उस समय हम विद्यार्थियों ने एडमिशन फार्म नही भरा था। इन कोर्स के एडमिशन के पुनः आवेदन शुरू किए जाएं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिशन लेने में समस्या आ रही है। विवि प्रशासन द्वारा जल्द यूएमसी हियरिंग करवाई जाए। क्योंकि जीजेयू हिसार, मीरपुर यूनिवर्सिटी में यूएमसी हियरिंग शुरू हो गई है। गत वर्ष यूनिवर्सिटी में यूएमसी हियरिंग की 27 जून को हुई थी। नगर मंत्री प्रतीक शर्मा ने बताया कि बीबीए और बीकॉम में सात सेमेस्टर में दाखिले के विद्यार्थियों को अभी तक कुछ भी बताया नही गया और न ही विद्यार्थी आगे एडमिशन ले पा रहे हैं दिल्ली विवि द्वारा सभी छात्रों को 7 सेमेस्टर में एडमिशन में दाखिले दिए जा रहे है । इन विद्यार्थियों विवि में संख्या 40 के पास है । छात्रों की समस्याओं का समाधान कराए। नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल ने बताया कि गत वर्ष विवि प्रशासन ने अभाविप जींद की मांग पर यूजी 2, 4, 6 और पीजी 4 सेमेस्टर के छात्रों को स्पेशल चांस दिया गया।


**उचाना।** दिन पहले भरा शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते में गंदा पानी।

#### विधायक की सख्ती से समस्या का हल

**उचाना।** उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर को जाने वाले मेन रास्ते में भरने वाले गंदे पानी की निकासी का विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की सख्ती के चलते समाधान हुआ। शिव मंदिर में जाने के साथ.साथ शहर की तरफ आने-जाने वाले लोगों, स्कूल में आने-जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। बिना बारिश के सीवरेज ओवर फ्लो होने से गंदा पानी गली में भर जाता था जो पूरे दिन भरा रहता था। यहां स्थित दुकानों के चबूतरों पर चढ़ कर लोग आते-जाते थे। पानी से होकर भी लोगों को आवागमन करना पड़ रहा था। सावन माह के मंदिर में श्रद्धालुओं को आने-जाने भी परेशानी हो रही थी। विधायक के संज्ञान में मामला आने के बाद यहां पर पानी निकासी का पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। यहां पर कई दिनों से गंदे पानी का भराव नहीं होने से हर किसी ने राहत की सांस ली है। यहां पर सड़क के बराबर गली निर्माण एवं स्थाई रूप से समस्या के समाधान की मांग विधायक से लोगों ने की।

### 300 पंचायत के स्वयंसेवी युवाओं से मांगे आवेदन

**जींद।** जींद की 300 ग्राम पंचायत के स्वयंसेवी युवाओं से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत आवेदन मांगे है। जो पंजीकृत उपभोक्ताओं के डाटा में सुधार, नए कनेक्शन और अन्य सहायक गतिविधियों का कार्य करेंगे स माय भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदक 31 जुलाई 2025 तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जबकि चार अगस्त तक उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। जन अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जींद के जिला सलाहकार डा रणधीर मताना ने बताया कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत कार्य करने वाले युवाओं को कार्य पूर्ण करने पर भारत सरकार में विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जो भविष्य में सरकारी योजनाओं छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज बनता है।

#### बैंकर्स मीटिंग का आयोजन किया

**जींद।** कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरिश नागपाल ने बताया कि जिला स्तर पर बैंकर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग का आयोजन हमेटी में किया गया। मीटिंग में जिले के सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा काटने बारे पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। फसल बीमा प्रीमियम काटने की रफ्तार को बढ़ाने के लिए एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने सूचित किया कि सभी बैंक शाखा प्रबंधक अपनी-अपनी शाखा के अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड खाता धारक किसानों का बीमा 31 जुलाई तक काटना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बीमा कंपनी एचडीएफसी ईआरजीओ के जिला प्रबंधक ने बैंकर्स को बीमा काटने में आ रही समस्याओं का निदान किया और बताया की 31 जुलाई तक बीमा काट कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पोर्टल पर विवरण दर्ज हो। आश्वासन दिया कि जमाबंदी का यह कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कृषि विभाग के उपनिदेशक और बैंक अधिकारी।


**उचाना।** कपास मंडी में आयोजित सुखए समृद्धि के लिए हवन।

#### सुख व समृद्धि की कामना के लिए किया हवन

**उचाना।** उचाना सुख समृद्धि की कामना को लेकर कपास मंडी में शैड के नीचे हवन किया गया। दा फूड ग्रेन डीलर एसोसिएशन एवं आढ़तियों द्वारा मिल कर इसका आयोजन किया। हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। मंत्रोजाप कर पं. प्रवीण, अशोक पुजारी ने हवन सम्पन्न करवाया। प्रधान विकास पंघाल ने कहा कि हर साल मंडी में हवन, भंडारे का आयोजन सब मिल कर करते है। इंद्र देवता को प्रसन्न करनेए क्षेत्र में खुशहाली की कामना भगवान से हवन के माध्यम से की। हवन के बाद भंडारे में स्कूलों के विद्यार्थियों, आढ़तियों, आमजन ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस तरह के आयोजन से आपस में भाईचारे की भावना पैदा होती है। इस मौके पर रामनिवास बुडायन, सतपाल अत्री, रमेश मखंड, राजेश जैन, अजय पंघाल, सुशील जैन आदि मौजूद रहे।

#### आज क्रोध की बीमारी तेजी से बढ़ रही

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने सावन माह में आयोजित भजन कीर्तन में कहा कि क्रोध की आग को शांति का जल भी बुझा सकता है। आज क्रोध की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। क्रोध मानव के विवेक को खा जाता है। क्रोध हमेशा तीन रूपों में बाहर निकलता है गाली गलौज, हाथापाई, आत्म हत्या, तोडफोड़ के रूप में। आज मानव रहता तो एसी में है पर दिमाग में लगा रहा है हीटर। अगर शांतिमय जीवन जीना चाहते हो तो कुछ मत करो, बस काम के समय काम करो और जब काम न कर रहे हो तो आराम करो। शाम को दुकान से घर लौटो तो दुकान को घर मत लाओ। सुबह जब घर से दुकान जाओ तो घर को घर पर ही छोड़कर जाओ। जहां पर आप हो वही पर अपनी सौ प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराओ। आधे अधूरे मन से कोई भी काम मत करो इससे काम भी बिगड़ेगा और तनाव भी बढ़ेगा। झाडू ही क्यों न लगानी हो पूरे आनंद से भर कर लगाओ। गिरना भी अच्छा है औकात का पता चलता है, बढ़ते है जब हाथ उठाने को तो अपनों का पता चलता है।


**उचाना।** भजन, कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*


**उचाना।** मीटिंग में उपस्थित जय मां बनभौरी सेवा समिति के सदस्य।

#### समिति के प्रधान बने गौरव जैन

**उचाना।** जय मां बनभौरी सेवा समिति सदस्यों की मीटिंग हुई। सर्वसम्मति से गौरव जैन को प्रधान चुना गया। संयोजक विकास मखंड को बनाया गया। उप प्रधान प्रवीण जैन, सचिव सुभाष, कोषाध्यक्ष विजय मखंड, प्रवकता अमित जैन को बनाया गया। जैन ने बताया कि हर महीने के शुक्ल पक्ष के रविवार को समिति द्वारा मुफ्त बस सेवा उचाना शहर से माता भ्रामरी धाम बनभौरी तक शुरू की है। अबतक 21 बार बस के माध्यम से श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके है। उचाना से सालासर, खाटू श्याम बस जाती है। देवभूमि बनभौरी में माता भ्रामरी धाम पर भी श्रद्धालु दर्शन करने एक साथ जाए। इसको लेकर समिति द्वारा हर महीने मुफ्त बस सेवा शुरू की। इस मौके पर श्याम सुंदर, प्रवीण जैन, प्रीतम जैन, कौशल, नरेश मखंड, टिंकू, हैप्पी आदि मौजूद रहे।


**नरवाना।** कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### मेधावियों को किया सम्मानित

**नरवाना।** एसडी महिला कालेज की मेधावी छात्राओ ने यूजीसी.नेट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। एम कॉम की तीन छात्रा वंदना सुपुत्री राजेश दीपिका सुपुत्री राजेंद्र और प्रवेश सुपुत्री कृष्णदत्त ने नेट की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है और एक छात्रा रिंकी सुपुत्री रमेश चंद का पी एच डी के लिए एंट्रेंस क्लियर हुआ। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। प्राचार्या डॉ0 अंजना लोहान ने सभी छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और समर्पण से हर असंभव लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता.पिता और गुरुजनों को देते कहा कि यह उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद का ही परिणाम है। महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग की सभी प्रवक्ताओं ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेश सिंघलए उप.प्रधान राजकुमार गोयलए महासचिव जियालाल गोयल ने बधाई दी।

## छात्राओं को नेतृत्व के गुणों में सशक्त बनाने के लिए रोटरी जींद मिडटाउन ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपगढ़, जीतगढ़, ज़िला जींद में पर्यावरणीय उत्तरदायित्व हेतु युवा नेतृत्व विषय पर अपने पहले रोटरी युवा नेतृत्व पुरस्कार कार्यक्रम का गौरवपूर्वक आयोजन किया। पहल का उद्देश्य युवा लड़कियों को नेतृत्व गुणों से सशक्त बनाना और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति उनमें जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। इसमें प्रतिभागी रहे पांच प्रतिभावान छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जिसमें सपना, नेहा, रिया, मुस्कान तथा रिंकू ने अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किए और क्लब की ओर से तरुण जैन, अध्यक्ष तथा डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर मायाराम देवली (एएलएफ) जोन 9 और 10 दोनों वक्ताओं ने नेतृत्व, पर्यावरण जागरूकता और बेहतर भविष्य के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रभावशाली संबोधन दिया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक और ऊर्जावान माहौल में हुआ। जिसमें युवाओं में उद्देश्य की नई भावना और पर्यावरणीय कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता देखी गई। कार्यक्रम में रोटेरियन डा. आरएस सिंधवानी, आरके जैन, एसके गर्ग, नितिन जिंदल, मनोज शर्मा, घासी राम भाटी, शिवम मघान, सीपी मलिक आदि मौजूद रहे। पूर्व प्राचार्या एवं रोटेरियन घासीराम की पत्नी दिवंगत सुशीला देवी के आकस्मिक निधन पर दो मिनिट का शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा अंत में प्राचार्य सुरेंद्र ने आभार व्यक्त किया।


**जींद।** छात्रा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** बैठक में कार्यकारिणी का चुनाव करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### कृष्ण को प्रधान व कमलदीप को सचिव चुना

**जींद।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन खंड कंडेला के चुनाव में कृष्ण रेढू को प्रधान तथा कमलदीप को सचिव के पद पर चुना गया। इसके साथ ही सर्वसम्मति से हुए चुनाव मे सुमीत को उपप्रधान, प्रमोद को कैशियर, विजय कुमार को सहसचिव तथा देवीराम कौशिक को प्रवक्ता सचिव की जिम्मेवारी दी गई। बैठक में प्रस्ताव पारित कर जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश की निंदा करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की गई। प्रस्ताव में बताया गया कि जहां कर्मचारी के मौलिक अधिकारों का हनन होगा वहीं पर देश के उच्चतम न्यायलय के आदेशों की भी उल्लंघना भी होगी। कर्मचारी के निजी मोबाइल पर जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित एप डाउनलोड करने से कर्मचारियों की निजता प्रभावित होने के साथ-साथ साइबर क्राइम के खतरे भी बढेंगे। राज्य उपप्रधान सुदेश रानी, जिला सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले बहुउद्धेशीय स्वास्थ्य कर्मचारी पहले ही अपने निजी फोन से इंटरनेट का खर्चा कर टीकाकरण सहित तमाम स्वास्थ्य कार्यक्रमों का डाटा ऑनलाइन करने को बाध्य हैं।

## स्वास्थ्य विभाग से 300 अधिकारी व कर्मी लेंगे रोगियों को गोद

# वर्ष 2025 में जींद को टीबी मुक्त बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए राज्य मुख्यालय से एनएचएम द्वारा एक अच्छी पहल सार्थक कैंपेन द्वारा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण एवं मूल्यांकन कर संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों के साथ मंथन किया। इस बैठक में एमडी एनएचएम डा. आरएस ढिल्लो, डीजीएचएस हैल्थ डा. मनीष बंसल, डीजीएचएस प्रोग्राम डा. कुलदीप, डायरेक्टर एनएचएम (एमसीएच) डा. वीरेंद्र यादव व स्टेट टीबी ऑफिसर डा. राजेश राजू मौजूद रहे। बैठक में सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का रिव्यू किया गया। जिसमें सभी प्रोग्राम के उप सिविल सर्जन, प्रवर चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर तथा प्रत्येक संस्था से करीब 50 अधिकारी व कर्मचारी, फार्मेसी ऑफिसर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स, प्रोग्राम मैनेजर्स एमपीएचडब्ल्यू एवं एचकेआरएन से संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विचार विमर्श कर स्वास्थ्य विभाग जींद से सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली व उप सिविल सर्जन टीबी डा. जेके मान तथा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय से उपस्थित उच्च अधिकारियों के समक्ष टीबी उन्मूलन प्रोग्राम के तहत मुख्य बिंदुओं में से एक निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय मित्र बन कर जिले में अपने अधीन क्षेत्र में टीबी के इलाज पर चल रहे 100 प्रतिशत क्षय रोगियों को गोद लेने का संकल्प लिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से 300 अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेने का संकल्प लिया गया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने एक ही दिन में इतने लोगों का निक्षय मित्र बन कर संकल्प लेना की सराहना की। इसके साथ-साथ जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जे के मान द्वारा जिला जींद के नागरिकों व संस्थाओं से भी आह्वान किया जाता है कि वो भी निक्षय मित्र बन कर टीबी मरीजों को गोद लेकर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में योगदान दें। आप स्वतः पीएमटीएमबीए पेज पर दिए गए कोड को स्कैन करके निक्षय मित्र बन सकते हैं तथा टीबी मरीजों को गोद ले सकते हैं।


**जींद।** बैठक में अधिकारी मंथन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**जुलाना।** भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते कैप्टन योगेश बैरागी।

#### कैप्टन योगेश ने सुनी समस्याएं

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के भाजपा कार्यालय में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने हल्के के लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों से बात कर समस्या के समाधान का आस्वासन दिया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जुलाना में निकासी व्यवस्था, पेयजल किल्लत, गलियों का निर्माण, सीवरेज की समस्या आदि समस्याएं मिली है, जल्द ही लोगों की समस्याओं से उन्हें निजात मिलेगी। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है। भाजपा की नीति है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधा पहुंचे, जिसके लिए भाजपा वचनबद्ध है। जुलाना के पिछड़ेपन को दूर किया जाएगा। पिछली सरकारों के राज में जो अनदेखी जुलाना की है, उसे अब नही होने दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### किसान सुबह-शाम अपने खेतों की निगरानी करें

**कैथल।** धान में बौने पौधे नामक बीमारी फैली हुई है, जिसके मुख्य लक्षण पौधों की बढ़वार रूक जाती है, पत्तियां पतली, व समय से पहले खेत सूखने लग जाता है। इसलिए किसान सुबह-शाम अपने खेतों की निगरानी करें। इस वायरस को सफेद तेला नामक कीट एक स्थान से दूसरे पौधे पर ले जाने का काम करता है। सफेद तेले की रोकथाम के लिए चेस 120 ग्राम/एकड़ अथवा ओशीन या टोकन 80 ग्राम / एकड़ को 200 लीटर पानी के घोल में मिलाकर स्प्रे करें।

### आधार पंजीकरण, अपडेट दुरुस्तीकरण का कार्य जारी

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए आधार कार्ड में अपडेट और दुरुस्तीकरण का कार्य निरंतर प्रगति पर है। यह कार्य शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एसयूडीए तथा क्रीड विभाग की आधार मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है। क्रीड विभाग द्वारा यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जा रही है, जिससे जिला के नागरिक लाभ उठा रहे हैं।

### अभियान के तहत स्कूल में वितरित किए गए पौधे

**गुहला चीका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में हरियाणा सरकार की पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाई जा रही पहल 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत छात्रों को निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने छात्रों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

### एसडीएम ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा ने मंगलवार को गांव जुलानी खेड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय का औचक किया और मूलभूत सुविधाओं की जांच की। इस अवसर पर उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में पेयजल, शौचालय, साफ सफाई, खेल का मैदान आदि की जांच की, जोकि समुचित पाई गई। मौके पर मौजूद अधिकारी व कर्मचारियों को निरंतर सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश भी जारी किए।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति आगामी 31 जुलाई, 2025 तक नामांकन भर सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

### मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरुआत की

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जन जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरुआत की गई है। अभियान अदालतों पर मुकदमों के बढ़ते बोझ को कम करने और आम जनता को सरल और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यस्थता के महत्व को रेखांकित करता है।

### सड़क का चौड़ीकरण का कार्य जोरों पर

**पाई।** पाई गांव में गांव पिलनी रोड़ से रिंग बांध तक सड़क का चौड़ीकरण का कार्य चला हुआ है, जो कचुये जैसी धिमी गति से चल रहा है। ग्रामीणों ने यह कार्य तेजी से करने की मांग की है। कहा कि इस सड़क बनाने के कार्य में तेजी लाई जाये ताकि बरसात के मौसम में ग्रामीण परेशानी से बचा सके।

---

कैप्टन प्रमेश सिंह ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोहः एसडीएम

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में कोई भी लापरवाही न बरती जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य, शानदार और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड में होगा। कार्यक्रम में देश भक्ति व विभिन्न लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिन-जिन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की डयूटियां जिस भी कार्य के लिए लगाई गई हैं, वे अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निर्वहन करें। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एसडीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में कोई भी लापरवाही न बरती जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। स्वतंत्रता समारोह की समय रहते सभी तैयारियां पूरी करना सुनिश्चित करें। इस समारोह में प्लाटून द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। सभी प्लाटून की परेड़ से संबंधित तैयारियां अच्छी प्रकार से करवाई जाए। परेड़ के दौरान टुकड़ियों में आपसी तालमेल व अनुशासन भी होना चाहिए। विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा कार्यक्रम में देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 7 से 12 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिर्हसल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में होगी। इसके बाद 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिर्हसल होगी।



**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप, एसडीओ अजमेर सिंह व इंद्रराज पंवार, मार्किट कमेटी सचिव सतबीर राविश, डा. अमन बंसल, एसएचओ चीका अमन सिंह, प्रिंसिपल देवेन्द्र राणा, एसईपीओ चंचल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# इनेलो राष्ट्रीयध्यक्ष का किया स्वागत

- जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिककारियों ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

इनेलो के राष्ट्रीयध्यक्ष अभय सिंह चौटाला का कैथल पहुंचने पर जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिककारियों ने स्वागत किया। जाट हाई स्कूल सोसाईटी के सचिव रशमी ढुल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने कहा कि समय समय पर चौधरी अभय सिंह चौटाला ने जाट शिक्षण संस्थान के लिए बहुत सहयोग किया है और आगे भी शिक्षण संस्थान के लिए सहयोग करते रहेंगे। जाट हाई स्कूल सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य विक्रम सिंह,सनी चौसला, महावीर राविश, गुलाब सिंह व अन्य सदस्य मौजूद रहे।



**कैथल।** जाट हाई स्कूल सोसायटी प्रबंधन समिति के सदस्य अभय सिंह चौटाला का स्वागत करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*



**कैथल।** बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### मैराथन दौड़ में अंकुश और रजनी रहे प्रथम

**कैथल।** सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम कैथल मे हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग कैथल के दवारा नशा मुक्ति बारे जागरुकता अभियान के तहत मेराथन करवाई गई। इसमें लगभग 500 खिलाडियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग से अनूप कौशिक कॉउंसलर, राहुल मिगलानी सहायक के सहयोग से मेराथन करवाई गई। स्टेडियम से जगदीशपुरा अंबाला रोड तक दोड़ लगवाई गई। लड़को में द्वीपक प्रथम, अंकुश ने दूसरा स्थान, और यशविंदर ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों मे सिमरन प्रथम, जन्नत ने दूसरा और रजनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। मेराथन को हरि झंडी बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह ने दिखाई। इस अवसर पर रणधीर ढांडा,जोगिंदर, अमरजीत, प्रशांत, संदीप डीपी रजत मोर और सलेश सिरोही उपस्थित रहे।

### प्रदेश में बनेगी इनेलो की सरकार : अभय

**कैथल।** इनेलो की राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारिणी की बैठक में इनैलो राष्ट्रीयाध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस कुशासन को देखने के साथ भाजपा की लूटखसूट की राजनीति से तंग आ चुकी है। हरियाणा में फिर से सत्ता परिवर्तन हो और ताऊ देवी लाल के सपनों का हरियाणा बन सके। सत्ता परिवर्तन का शंखनाद 25 सितंबर को रोहतक की पावन भूमि से ताऊ देवी लाल जयंती के सम्मान दिवस पर प्रदेशस्तरीय रैली में आगाज होगा। लाखों की संख्या में कार्यकर्ता व आमजनमानस रोहतक जयंती समारोह में पहुंचकर भाजपा को सत्ता से खदेडने का काम करते इनेलो की सरकार बनाने की नींव रखेगी।

---

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल के छात्र छाए

- द्वितीय स्थान अर्जित कर रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आरकेएसडी पब्लिक स्कूल कैथल द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का विषय था "क्या नई पीढ़ी में सहनशीलता और धैर्य की कमी है?" कक्षा 9वीं की छात्रा मनस्वी पुत्री सवीन कुमार एवं कक्षा ग्यारहवीं की वंशिका पुत्री जितेन्द्र ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में क्रमशः अपने प्रभावशाली, तर्कयुक्त और आत्मविश्वास से भरे विचारों को प्रस्तुत कर निर्णायकों सहित सभी दर्शकों को प्रभावित किया। उनके धाराप्रवाह वक्तव्य, भाषा पर पकड़ और प्रस्तुति शैली ने उन्हें 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के बीच द्वितीय स्थान दिलाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय निदेशक डॉ. विनोद कुमार एवं चेयरपर्सन निधि कंसल ने दोनों छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उनकी मार्गदर्शिका हिंदी अध्यापिका ममता का विशेष आभार व्यक्त किया। प्रबंधक गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. सन्त कौशिक ने विजेता छात्राओं का विद्यालय में अभिनंदन करते उनके हिंदी भाषा प्रेम एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना की।



**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

---

# धान की फसल में बौना रोग का संयुक्त सर्वेक्षण किया

- कृषि वैज्ञानिकों ने खण्ड कलायत के खेतों का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र फरीदाबाद की टीम व डॉ बाबू लाल उप कृषि निदेशक कैथल व डॉ सतीश नारा एसडीएओ कैथल के दिशानिर्देश में खण्ड कृषि अधिकारी डॉ विजय मान , , कलायत ने साथ मिलकर गाँव - बाता, जिला - कैथल एवं आस-पास के गांवो में धान की फसल में बौना रोग का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान खेत में सफेद पीठ वाला फुदका नहीं दिखा जो कि बोना रोग का वाहक है। लेकिन कुछ खेत में पौधे बौने पाए गए. जो कि आर्थिक हानि स्तर से कम मात्रा में है। किसानों को सुझाव दिया जाता है कि वे अपने खेत में बारीकी से निगरानी रखे और सफेद पीठ वाला फुदका दिखायी देने पर, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड पंजीकरण समिति द्वारा अनुसंशित मात्रा के अनुसार ही कीटनाशकों का स्प्रे करे ।जैसे की बोफ्रॉजिन 25%. एससी, फिप्रोनिल आदि का छिडकाव लीफलेट में दी गई जानकारी के अनुसार करे।। इसके साथ-साथ में खेत में उपस्थित बौने रोग से प्रभावित पौधो को उखाड़्र एक कट्टे में डालकर दूर कहीं मिट्टी में दबादे।



**कलायत।** किसानों को जानकारी देते कृषि विज्ञानी। *फोटोः हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

किसान के द्वारा यह बताया गया कि जिस भी पौधे में ये बिमारी आई वह आगे नहीं फैली। फरीदाबाद से आई टीम में डा. लक्ष्मी चंद, वनस्पति संरक्षण अधिकारी , श्रीमती जमुना नेगी वनस्पती सरंक्षण अधिकारी,श्री लख्मी चन्द वैज्ञानिक सहायक, कुमारी रूबी वैज्ञानिक सहायक एवं खण्ड कृषि कार्यालय से डॉ सतीश नारा, उपमंडल कृषि अधिकारी, डॉ विजय मान, बीएओ, डॉ नरेश नैन, ,एडीओ ,सहायक प्रोधोगिकी प्रबंधक रमेश समध्यान , कृषि पर्यवेक्षक राकेश कुंडू व प्रगतिशील किसान जॉनी राणा , विनोद व अन्य मौजूद रहे।

---

# स्कूल में करवाई स्वच्छ पेयजल की व्यस्था

- छोटे बच्चों को पीने का पानी उपलब्ध करवाना सबसे बड़े पुण्य का काम : हरि राम गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका

रोटरी कल्ब चीका द्वारा प्राथमिक पाठशाला गुहला के छात्रों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करवाई गई। क्लब की ओर से लगभग सवा लाख रुपए की लागत से स्कूल परिसर में सीमेंट व टाइलों से सुसज्जित पानी की टंकी बनाई गई और उसके अंदर वाटर कूलर व आरओ फिल्टर भी लगवाया गया है। इस पेयजल टंकी का आज प्रमुख समाजसेवी हरि राम गर्ग व रोटरी कल्ब के प्रधान नरेश जैन ने संयुक्त रूप से शुभारंभ करते हुए इसे स्कूल को सुपुर्द किया। रोटरी कल्ब के सदस्यों के स्कूल में पहुंचने पर स्कूल प्रधानाचार्या नरेंद्र दीक्षित, प्राध्यापक बसाऊ राम, संदीप कुमार, लफटैन सिंह शेरगिल ने स्वागत किया। पानी की टंकी के उद्घाटन के बाद लाला हरि राम गर्ग ने कहा कि स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छोटे छोटे बच्चे ही देश का भविष्य है। इन बच्चों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था करने से बढक़र दूसरा कोई पुण्य और देश सेवा का कार्य नहीं हो सकता। रोटरी कल्ब के प्रधान नरेश जैन ने कहा कि दुनिया भर में कहीं भी भूकंप, महामारी या किसी प्रकार की आपदा आने की स्थिति में सबसे पहले रोटरी कल्ब के मदद के लिए पहुंचते हैं।



**गुहला चीका।** गुहला स्कूल में स्वच्छ पेयजल की टंकी का शुभारंभ करते हुए हरि राम गर्ग व रोटरी कब के सदस्य। *फोटोः हरिभूमि*

#### स्कूल के 21 छात्रों को वर्दी भी वितरित की

जैन ने कहा कि दुनिया को पोलियो मुक्त बनाने में सबसे बड़ा योगदान रोटरी कल्ब का रहा है। नरेश जैन ने कहा रोटरी कल्ब चीका भविष्य में भी स्कूली छात्रों की हर प्रकार की मदद के लिए तत्पर रहेगा। नरेश जैन ने बताया कि आज कल्ब की ओर से गुहला स्कूल के 21 छात्रों को वर्दी भी वितरित की गई। इस मौके पर कल्ब के संयोजक संजीव बंसल (हैप्पी), आगामी प्रधान डॉ. सतीश मित्तल, पुनीत बंसल, राजीव कुमार, सुनील शाह, पवन गर्ग, आशु गोयल, सरदार मेजर सिंह व स्कूल अध्यापिकाएं भी मौजूद रही।

---

# शांति के लिए रुद्धाभिषेक का आयोजन

- प्रत्येक श्रद्धालु को सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौद

मंगलवार को दुर्गा मंदिर के प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में आचार्य पंडित राम भगत हरित की अध्यक्षता में नाग पंचमी पर्व पर काल सर्प दोष की शांति के लिए रुद्धाभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान कालसर्प दोष की शांति के लिए पूजा अर्चना करवाई गई। आचार्य राम भगत हरित ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन मास शुक्ल पक्ष पंचमी यह पूजन किया जाता है। इस दिन जिनकी जन्म कुंडली में काल सर्प दोष होता है।

उस दोष की शांति के लिए यह पूजा पाठ विशेष शास्त्र विधि से संपन्न किया जाता है। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक, नाग गायत्री का जप व हवन यज्ञ से संपन्न किया गया। आचार्य ने बताया कि काल सर्प दोष के कारण जीवन में बाधाएं उत्पन्न हो सकती है। यह काल सर्प दोष कुंडलियों में बारह प्रकार का पाया जाता है। आचार्य ने बताया कि सावन के पूरे माह में प्रतिदिन जला अभिषेक करने का भी विशेष महत्व है। इसलिए प्रत्येक श्रद्धालु को सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। इस दौरान राजेंद्र शर्मा, रविश्याम कौशल, रामपाल पुजारी, रमेश कुमार सहित कई ब्राह्मण मौजूद थे।



**राजौंद।** शिव मंदिर में काल सर्प दोष की शांति के लिए पूजा अर्चना हवन यज्ञ करवाते आचार्य राम भगत। *फोटोः हरिभूमि*

---

# मनजीत सिंह नागपाल बने पटियाला टैरिफ इंचार्ज

- मनजीत सिंह कांस्टेबल की पोस्ट पर भर्ती हुए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला -चीका

गुहला ब्लाक के गांव रत्ता खेड़ा (घड़ाम) के रहने वाले मनजीत सिंह नागपाल मिडियम परिवार से अपनी मेहनत से पटियाला के टैरिफ इन्चार्ज बने हैं, मनजीत सिंह जो कि कांस्टेबल की पोस्ट पर भर्ती हुए थे, उसके बाद उन्होंने अपनी ड्यूटी पूरी मेहनत व लगन से की ओर पढ़ाई जारी रखी ओर फिर एएसआई बने ओर बतौर इंचार्ज बहादुरगढ़ थाने का कार्यभार संभाला, उसके बाद चौंकी इंचार्ज भूनरहेड़ी व बाद में टैरिफ इन्चार्ज राजपुरा लगे। ओर अब पंजाब सरकार ने उनकी ड्यूटी प्रति ईमानदारी देखते उन्हें पटियाला का टैरिफ इन्चार्ज लगाया गया है, जिस पर गांव व इलाका निवासियों ने उन्हें बधाई दी है, मनजीत सिंह के बड़े भाई सुखदेव सिंह नागपाल भी पिछले दिनों ही अभी रिटायर हुए हैं, जो कि डी आई जी पटियाला के लम्बे समय से रिडर रहें हैं मनजीत सिंह अपने बड़े भाई के पद चिन्हों पर चलते इसी मुकाम पर पहुंचे है।



मनजीत सिंह नागपाल

---

## डीएवी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

# पौधरोपण के साथ देखभाल बहुत जरूरीः साधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में इको क्लब के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी द्वारा स्कूल प्रांगण में पेड़ लगाया गया। स्कूल के इको क्लब के द्वारा प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के छायादार व फलदार पेड़ लगाए गए और बच्चों ने इस अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्या ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता के लिए हर किसी को अपने जीवन में एक पेड़ मां के नाम पर लगाना चाहिए। पेड़ लगाने से मा के प्रति स्थाई स्मृति बन जाती है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य आज के समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के असर को कम करना एवं भविष्य को सुरक्षित रखना है। प्राचार्या ने कहा कि हमें न केवल पेड़ लगाने चाहिए बल्कि उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इसके अलावा विद्यालय के पुस्तकालय में सभी छात्राओं के लिए मेहंदी डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और भारतीय संस्कृति के प्रति उनका लगाव बढ़ाना था। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुंदर-सुंदर मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यापिका गीता गौड़, शशी खुराना, दीपक बत्रा मौजूद रहे।



**पूंडरी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाते प्रधानाचार्या साधना बक्शी।

#### प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम की सराहना की

प्रधानाचार्या साधना बक्शी ने इस आयोजन की विशेष रूप से सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल छात्राओं की कलात्मक क्षमताओं को बढ़ावा मिलता है, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति भी उनमें जागरूकता आती है।

**खबर संक्षेप**

### राजौंद कस्बावासियों को लाइब्रेरी का इंतजार

राजौंद। नगर में लाइब्रेरी बनाने की मांग लोग पिछले कई वर्षों से करते आ रहे है। परंतु प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा। जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष पनप रहा है। बलविंद्र, काका, कुलदीप, रमेश, रामचंद्र, प्रताप ने बताया कि नगर में लाइब्रेरी खोलने की मांग कर रहे है। इन लोगों ने बताया कि अगर यहां पुस्तकालय खोल दिया जाएं तो जहां युवकों में काफी रुचि बढ़ेगी वहीं वह आज के इस प्रतियोगिता के युग में भाग लेकर सामान्य ज्ञान के बल पर अच्छा प्रदर्शन करके नगर व अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे। दूसरा युवाओं का मन नशे जैसी बुराईयों की तरफ नही जाएगा वह किताबों में अच्छी बातें ग्रहण करेगा।

### बादली बलिदान दिवस गर्व का विषय : बलकार

पूंडरी। गांव कौल में आगामी 2 अगस्त को आयोजित होने वाले बादली बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां ज़ोरों पर चल रही हैं। इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान को स्मरण करने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इसी कड़ी में बादली बलिदान दिवस कमेटी के पदाधिकारियों जितेंद्र टाया जिला पार्षद, फतेह सिंह चोपड़ा ठेकेदार, सोमनाथ पबनावा, रामपाल कौल व कृष्ण कुमार कौल ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बलकार सिंह पूंडरी के निवास पर जाकर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। बलकार सिंह ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

## जींद में डेंगू के दो केस मिले, मलेरिया का नहीं मिला मामला

# चेक, क्लीन, डिफीट थीम पर डेंगू और मलेरिया को हराने की कवायद

एक लाख 10 हजार लोगों की मलेरिया की हुई जांच, 200 टीम फील्ड में, 16.5 लाख घरों की जांच, चार हजार घरों में लारवा मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएमओ डा. सुमन कोहली के दिशा-निर्देशन में सोमवार को उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. विजेंद्र ढांडा की अध्यक्षता में देखें, साफ करें, ढ़के डेंगू को हराने के उपाय करें आधारित थीम पर जिला में एंटी डेंगू माह जुलाई मनाया गया। इस अवसर पर राजकुमार एपिडिमियोलोजिस्ट, सुनील कुमार एमपीएचएस, एमपीएचडब्ल्यू, ब्रीडिंग चैकर एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

डिप्टी सीएमओ मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि डेंगू माह जुलाई 2025 के दौरान सभी कर्मचारियों को डेंगू सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आमजन को सप्ताह में रविवार को ड्राई डे मनाने बारे अपील करने बारे कहा व उस दिन घर के सभी बर्तनों, घडों, टंकियों, कूलरों, होदियों इत्यादि में इक_ पानी को खाली करें व बर्तनों इत्यादि को कपड़े से अच्छी तरह साफ करवाने, अन्य साफ -सफाई रखने, आसपास गंदा पानी खड़ा न होने दें और आसपडोस के लोगों को भी इस बारे प्रेरित करने बारे निर्देश दिए। सभी फिल्ड के कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सभाएं करके आमजन को डेंगू माह जुलाई अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करने बारे निर्देश दिए। विशेषकर हैचरियों इत्यादि पर जाकर प्रवासी जनसंख्या को इस बारे अवगत कराने बारे निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला के सभी सरकारी संस्थाओं में डेंगू का टैस्ट व इलाज फ्री किया जाता है। डेंगू मरीजों के इलाज के दौरान आवश्यकता पडऩे पर नागरिक अस्पताल जींद के ब्लैड बैंक मे प्लेटलैटस की सुविधा उपलब्ध है और इस के साथ साथ बताया कि जिला जींद में पीएचसी, सीएचसी, एसडीएच व नागरिक अस्पताल स्तर पर डेंगू मरीजों के उपचार के लिए अलग से वार्ड की व्यवस्था की गई है।



जींद। मलेरिया को हराने के लिए सीएमओ के नेतृत्व में एकजुट हुए स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

**डेंगू के ये हैं लक्षण**

तीव्र बुखार, सिर के अगले हिस्से में तेज दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ो में दर्द, शरीर पर त्वचा पर लाल रंग के निशान निकलना और उल्टी आना, जी मचलना व उल्टियां आना है।

**ऐसे करें बचाव**

घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। घर के अंदर पानी सात दिन से अधिक किसी बर्तन इत्यादि में न रूकने दें। घर के सभी बर्तनों, घडों, टंकियों, कूलरों, होदियों में पानी को सप्ताह में दो बार खाली करें और बर्तनों इत्यादि को कपडे से अच्छी तरह साफ करें। अपने घरों की खिड़कियों व दरवाजों पर जालियां लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी या मच्छर भगाने वाली दवाइयों का प्रयोग करें। अपने शरीर को पूरी तरह ढक कर रखें।

**मच्छरजनित रोगों का संक्रमण काल**

डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि मलेरियाए डेंगू से संबंधित सभी तैयारियां कर ली गई है। फिल्ड में लगभग 200 टीमें कार्य कर रही हैं। जिले में अभी तक मलेरिया का कोई भी केस नही आया है और डेंगू के दो केस आए हैं। अभी तक लगभग एक लाख 10 हजार लोगों की मलेरिया की जांच की जा चुकी है। लारवा के लिए अभी तक लगभग 16.5 लाख घरों की जांच की जा चुकी है। जिसमें चार हजार घरों में लारवा पाया गया और 500 घरों को नोटिस दिया जा चुका है। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि मच्छरजनित रोगों का संक्रमण काल शुरू हो चुका है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार आमजन को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। आमजन को मलेरिया के प्रति सतर्कता बरतनी चाहिए और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए सभी अभियानों में सहयोग करना चाहिए।

## इस्माइलपुर गांव की योगशाला में 100 पौधे



नरवाना। पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

- एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

गांव इस्माइलपुर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए बुधवार को एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की राष्ट्रीय सेवा योजना ओर इको क्लब के द्वारा 100 पौधे योगशाला में लगवाए।

इस अभियान में गांव की सामाजिक समुदाय, युवा मंडल के सदस्यए ग्राम पंचायत के सदस्यों ने मिलकर भाग लिया। इस सामूहिक प्रयास के अंतर्गत गाँव के योग शाला परिसर के आसपास और किनारे कुल 100 से अधिक पौधे रोपे गए। इन पौधों में नीम, पीपल, गुलमोहर, आम, आंवला और तुलसी जैसे औषधीय एवं छायादार वृक्ष शामिल है।गाँव के युवाओं ने खुद गड्ढे खोदेए कॉलेज की छात्राओं ने पौधों की सिंचाई की व्यवस्था संभालीए और महा विद्यालय के बच्चों ने ष्पेड़ लगाओ दृ जीवन बचाओष जैसे नारों के साथ गाँववासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना ओर इको क्लब की प्रभारी मधु शर्मा और डॉ शालू सचदेवा ने बताया कि गाँव को हराभरा और स्वच्छ बनाना हम सबका कर्तव्य है। समाज के हर वर्ग की भागीदारी ने इस कार्य को सफल बनाया है। आने वाले समय में हम और भी बड़े स्तर पर पौधारोपण करेंगे। इस अभियान में स्थानीय लोगों ने भी पौधों की उपलब्धता और देखरेख की जिम्मेदारी ली। साथ हीए हर पौधे को एक परिवार द्वारा गोद लेने की योजना बनाई गई है ताकि पौधों की उचित देखभाल हो सके।समाज के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे न केवल पौधे लगाएंए बल्कि उनकी देखभाल भी नियमित रूप से करें। इससे न केवल पर्यावरण सुधरेगा बल्कि आने वाली पीढिय़ों को एक स्वच्छ व सुरक्षित जीवन मिलेगा। कॉलेज के माली लाल चन्द, राजाराम एड्राइवर देवेंद्र के साथ गांव के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। इस कार्य के लिए कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने ऐसे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

## वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा संबंधी नियमों का ध्यान रखें

- राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरुकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

पौधरोपण के साथ-साथ रोड रूल्स, लाइफ टूल्स अभियान के तहत छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सवा प्राधिकरण मोनिका ने बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा संबंधी वाहनों का ध्यान रखें। हमेशा सड़क के दोनों और देखकर सड़क को पार करे। दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करें और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।



जींद। रैली को रवाना करते हुए सीजेएम।


उचाना। महिलाओं से रूबरू होते हुए भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।

### तीज महोत्सव पर नायब सरकार ने महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं की कोथली दीः सुषमा अत्री

उचाना। भाजप नेत्री सुषमा अत्री ने कहा कि हरियाली तीज महोत्सव पर नायाब सरकार ने महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं की कोथली भेंट की। तीज पर भाई की कोथली की परंपरा को निभाते हुए नायाब सरकार विरासत भीए विकास भी की भावना के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए ठोस और नॉनस्टॉप प्रयास कर रही है। इसको लेकर महिलाओं द्वारा सीएम नायब सिंह सैनी आभर भी प्रकट किया है। लाडो सखी योजना की शुरुआत बेटी जन्म पर लाडो सखी आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, एएनएम को एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और प्रसव में सहयोग, डिजिटल बाल कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की देखभाल और शिक्षा में सहायता, 10 हजार छात्राओं को स्वरोजगार प्रेरणा हेतु किट वितरण। कम उम्र से उद्यमिता में रुचि को बढ़ावा। महिला स्टार्टअप सहायता योजना की शुरूआत करते हुए महिला उद्यमियों को 50 हजार से एक लाख तक की वित्तीय सहायता दी।

## हटकेश्वर धाम मेला 2-3 अगस्त को, रागनी कंपीटिशन भी होगा

- हर साल सावन माह के अंतिम शनिवार व रविवार को लगता है मेला और भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सफीदों क्षेत्र के गांव हाट में हर वर्ष की भांति श्रावण माह के अंतिम शनिवार व रविवार को महाभारत कालीन हटकेश्वर तीर्थ पर विशाल मेला लगेगा। दो अगस्त की शाम को रागनी कंपीटिशन में कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

तीन अगस्त को सुबह इनामी कुश्ती दंगल जमेगा। श्रद्धालुओं की खरीदारी के लिए मेले में दुकानें सजेंगी। धाम के पवित्र सरोवर में स्नान कर श्रद्धालु दादा तीर्थ महाराज की पूजा अर्चना करेंगे। हरियाणा के अलावा दिल्ली, पंजाब व अन्य कई राज्यों से श्रद्धालु व पहलवान यहां पहुंचेंगे।

मान्यता है कि धाम में स्नान से 68 तीर्थों जैसा पुण्य प्राप्त होता है।

मेले के दौरान हटकेश्वर धाम व बाबा गिरड़ी दास मंदिर में भंडारा भी चलेगा। हटकेश्वर तीर्थ कमेटी, दादा खेड़ा मंदिर कमेटी व ग्रामीण तैयारियों में लगे हैं। धाम कमेटी प्रधान बिल्लू बूरा व श्री ठाकुर शिव मंदिर समिति प्रधान बलबीर बूरा ने बताया कि हटकेश्वर धाम पर हर वर्ष सावन के अंतिम रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है। यह परमपरा वर्षों पुरानी है।


जींद। सफीदों क्षेत्र के गांव हाट में स्थित हटकेश्वर तीर्थ। फोटो : हरिभूमि

## नरवाना में हल्की बरसात से ही पानी भरा, लोगों को परेशानी

- कच्ची गलियों में कीचड़ मचने के कारण नागरिकों का पैदल निकलना भी दुर्भर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नरवाना

नरवाना में हल्की सी बरसात होते ही काफी एरिया में पानी भर जाता है जिससे लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती हैं। कुछ एरिया तो ऐसे हैं जहां पर पानी की निकासी न होने की वजह से तीन चार दिन तक पानी खड़ा रहता है जैसे माडल टाउन, प्रेम नगर, रेलवे रोड, कोर्ट रोडए बीरबल नगर आदि एरिया है जहां पर हल्की.सी बरसात में ही पानी भर जाता है।

प्रेम नगर से सुखदेव जांगड़ा ने बताया कि प्रेम नगर में पानी की निकासी न होने की वजह से हल्की सी बरसात होते ही ही पानी भर जाता है और वह तीन चार दिनों तक खड़ा ही रहता है जिससे लोगों को आने जाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि बरसात भी खेतों में होने की बजाय शहर में होती हैं जिससे शहर में जगह.जगह पानी भर जाता है। खेतों में बरसात हो तो शहर में जगह.जगह पानी नहीं भरे लेकिन प्रभू की लीला न्यारी है।


नरवाना। गली में मचा कीचड़। फोटो : हरिभूमि

## आरजीएम उचाना की छात्रा समिता ने यूजीसी जेआरएफ परीक्षा की पास

- कॉलेज स्टाफ ने छात्रा के लक्ष्य के प्रति एकाग्रता की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना की छात्रा ने इतिहास विषय में यूजीसी जेआरएफ जूनियर रिसर्च फेलोशिप की परीक्षा पास करके रचा इतिहास।

राजीव गांधी महाविद्यालय की स्नातकोत्तर इतिहास विषय की छात्रा समिता ने यूजीसी जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणवीर कौशल एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजेश श्योकंद ने एमए इतिहास फाइनल ईयर की छात्रा समिता को उसकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके कठोर परिश्रम एवं लगन की प्रशंसा की व लक्ष्य के प्रति उसकी एकाग्रता व समर्पण की सराहना की। समिता ने सभी गुरुजनों का धन्यवाद करते हुए अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया तथा बताया कि लक्ष्य पाने के लिए एकाग्र व कर्मनिष्ठ होना बहुत जरूरी है। साधारण परिवार में जन्मी समिता ने अपनी उपलब्धि से बाकी विद्यार्थियों के सामने भी अपना उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों ने समिता को बधाई दी।


उचाना। यूजीसी जेआरएफ परीक्षा पास करने वाली छात्रा समिता।

## शराब ठेकेदार हत्याकांड में शामिल आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सदर थाना पुलिस ने गांव खरकरामजी शराब ठेकेदार बिंद्र हत्याकांड में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए आरोपित की पहचान तुलसी उर्फ योगी वासी ढाणा कलां जिला हिसार के रुप में हुई है।

- पुलिस छह आरोपितों को पहले कर चुकी है गिरफ्तार

गांव महमूदपुर गोहाना निवासी नवीन ने गत 26 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शराब ठेकेदार गांव खरकराजी निवासी वीरेंद्र उर्फ बिंद्र उसका दोस्त है। जिसको कार सवार कुछ लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी। उसने आरोप लगाया था कि विरेन्द्र की हत्या राकेश उर्फ मिढा गांव नगूरां, दीपेंद्र राठी, अजय उर्फ निलिमा के इशारे पर की गई है। सहानपुर निवासी कमल उर्फ कमली हाट निवासी कर्मपाल व तीन अन्य ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में सुमित उर्फ भोलू, सोनू, अनिल व कुछ अन्य ने विरेंद्र की रेकी की है। पुलिस ने नवीन की शिकायत पर आठ लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।


जींद। पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपित। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं व अभिभावकों को एनइपी 2020 के बारे में किया जागरूक

- श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में बीए व बी कॉम प्रथम वर्ष में दाख़िला ले चुकी छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इसमें स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को महाविद्यालय में पूरे वर्ष में होने वाली गतिविधियों से अवगत करवाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ . सुनील गर्ग ने सभी छात्राओं और उनके अभिभावकों का महाविद्यालय में पहुँचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रितु देवी ने किया । कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक छात्राओं से रूबरू हुए तथा अपने - अपने विषयों तथा कमेटियों से अवगत करवाया गया। शीला देवी ने प्लेसमेंट सेल व आईसीसी कमेटी के बारे में छात्राओं को बताया । नवीन कुमार ने स्पोर्ट्स , बस पास तथा वोटर कमेटी के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया । डॉ. प्रदीप ने एनइपी 2020 के बारे में छात्राओं को जागरूक किया।


कैथल। उप प्राचार्य डॉ. रूपेन्द्र छात्राओं को संबोधित करते हुए।

**भारत-अमेरिका ट्रेड डील : गायों को दिया जाता है मांस मिला चारा**

## नॉनवेज मिल्क के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- भारत में मांसाहारी दूध व उत्पादों को बेचने का इच्छुक है अमेरिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

करीब सौ से अधिक डेयरी फार्मरों ने मंगलवार को सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा से मिल कर भारत-अमेरिका ट्रेड डील में नॉनवेज मिल्क व इसके उत्पादों के आयात के विरोध में ज्ञापन सौंपा। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने ज्ञापन को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का भरोसा दिया है।

डेयरी फार्मर व धार पशु आहार के निदेशक नितेश ढुल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता एक अगस्त 2025 तक अंतिम रूप ले सकता है। दोनों देशों के बीच डेयरी और फार्मिंग को लेकर बातचीत जारी है। अमेरिका भारत के डेयरी मार्केट में प्रवेश करना चाहता है और मांसाहारी दूध (नॉनवेज मिल्क) व इसके उत्पादों को भारत में बेचने का इच्छुक है। नितेश ढुल ने बताया कि अमेरिका में गायों को मांस मिला कर चारा खिलाया जाता है। जिसमें सुअर, मछली, बिल्ली, घोड़े आदि का मांस शामिल होता है। अमेरिकी रिपोर्ट्स के अनुसार गायों को प्रोटीन के लिए घोड़े और सुअर का खून भी पिलाया जाता है। इस प्रकार के चारे से प्राप्त दूध को नॉनवेज मिल्क कहा जाता है। इसके विपरीत भारत में मवेशियों को केवल शाकाहारी चारा खिलाया जाता है। जिसके कारण भारतीय मवेशियों से प्राप्त दूध का उपयोग पूजा, पाठ और व्रत में भी किया जाता है। यदि भारत और अमेरिका के बीच डेयरी को लेकर यह समझौता हो जाता है तो इससे न केवल हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी बल्कि भारतीय डेयरी किसानों को भी भारी आर्थिक नुकसान होगा। यदि अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारतीय बाजार में सस्ते दामों पर बेचे जाते हैं तो भारतीय किसानों की मेहनत को गंभीर क्षति पहुंचेगी। एक शोध के अनुसार यह नुकसान लगभग 130 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। इस कारण किसानों में काफी गुस्सा और रोष है। अमेरिका इस ट्रेड डील को भारत पर जबरन थौंपना चाहता है। इस ज्ञापन के माध्यम से हम केंद्र सरकार से निवेदन करते हैं कि वह किसी भी दबाव में न आए और इस समझौते का पुरजोर विरोध करे। साथ ही देश के आमजन की धार्मिक भावनाओं की और डेयरी फार्मरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे।


जींद। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए डेयरी फार्मर। फोटो :हरिभूमि